खास-खबरें

असीरगढ़ के आंचल में 30 हजार पलाश बीजों का किया रोपण

बुरहानपुर। जिले में जारी पौधारोपण अभियान के तहत रविवार को असीरगढ़ किले के पास इंदौर हाईवे के समीप विशाल पलाश बीजारोपण अभियान आयोजित किया गया। डिप्टी कलेक्टर श्री राजेश पाटीदार के नेतृत्व में आयोजित इस पहल में डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथ वाखला, कृषि उपसंचालक श्री एम.एस. देवके, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री भरत जांचपुरे, अधिकारियों- कर्मचारियों, शिक्षकों, शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं ट्रायम्फल आर्च एकेडमी के लगभग 150 विद्यार्थियों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर करीबन 30 हजार पलाश के बीजों का बीजारोपण कर प्रकृति को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। गेती फावड़े की मदद से गड्ढे किए एवं बीजों का रोपण किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री पाटीदार ने पलाश के औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पलाश के बीज प्रकृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अनुकूल परिस्थितियों में भी स्वयं विकसित होकर वृक्ष बन जाते हैं।

रोजगार मेला 15 जुलाई को

रीवा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज आफ टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी रोड इटौरा बाईपास रीवा 15 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 12 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर संपन्न

खण्डवा। महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय, खंडवा में सोमवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला न्यायाधीश श्री वीरेंद्र जोशी ने छात्राओं को प्रेरणादायी संबोधन देते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय करने के बाद निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने वाला व्यक्ति निश्चित रूप से अपने उद्देश्य को प्राप्त करता है। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नि:शुल्क विधिक सहायता योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक अथवा सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

अब तक 121.4 मिमी अर्थात 4.78 इंच वर्षा दर्ज

नरसिहंपुर। नरसिंहपुर जिले में एक जून से 6 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 121.4 मिमी अर्थात 4.78 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 6 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 9.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 2 मिमी, गाडरवारा में 2, गोटेगांव में 5 मिमी, करेली में 3 मिमी और तेंदूखेड़ा में 35 मिमी वर्षा आंकी गई है। अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 135 मिमी, गाडरवारा में 158 मिमी, गोटेगांव में 55 मिमी, करेली में 60 और तेन्दूखेड़ा में 199 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 327.20 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 326 मिमी, गाडरवारा में 331 मिमी, गोटेगांव में 289 मिमी, करेली में 350 मिमी और तेन्दूखेड़ा में 340 मिमी वर्षा हुई थी।

नवप्रवेशित छात्राओं के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

सीधी। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में नेशनल टास्क फोर्स समिति के तत्वावधान में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालय के सुरक्षित, समावेशी एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना तथा उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओ.पी. नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ज्योति मिश्रा ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक सशक्तिकरण तथा सकारात्मक जीवन-दृष्टि के महत्व पर विस्तार से संबोधित किया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. ओ.पी. नामदेव ने कहा कि महाविद्यालय केवल उच्च शिक्षा प्रदान करने का संस्थान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास के विकास और जीवन मूल्यों के संवर्धन का सशक्त केंद्र है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का प्रयास है कि प्रत्येक नवप्रवेशित छात्रा सुरक्षित, सम्मानजनक, समावेशी एवं रैगिंग मुक्त वातावरण में अपनी शैक्षणिक यात्रा प्रारंभ करे। उन्होंने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ विद्यार्थी ही अपने जीवन, परिवार और समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देने में सक्षम होता है।

समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें : मिश्रा

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीधी : कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की प्राथमिकताओं, विभागीय योजनाओं, जनहित से जुड़े विषयों तथा लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही पूर्ण हो चुकी है। ऐसे में प्रत्येक विभाग अपने कार्यों की समग्र समीक्षा कर आगामी तिमाही के लिए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करे तथा शासन द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं का निर्धारित समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। समय-सीमा का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय पर प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। मानसून को देखते हुए कृषि विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसानों तक मौसम आधारित कृषि सलाह समय पर पहुंचाई जाए, जिससे वे बोवनी एवं फसल प्रबंधन संबंधी निर्णय उचित समय पर ले सकें। उन्होंने नकली अथवा खराब गुणवत्ता के बीज एवं उर्वरक का विक्रय पाए जाने पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कालाबाजारी अथवा किसानों के साथ भेदभाव किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में वर्षा ऋतु के दौरान संभावित जलजनित एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी पेयजल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई, क्लोरीनेशन एवं बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं, चिकित्सकीय उपकरणों एवं अन्य व्यवस्थाओं की उपलब्धता बनाए रखने के साथ सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित कर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विद्यालय नियमित रूप से समय पर संचालित हों तथा विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी जर्जर भवन में विद्यालय अथवा आंगनवाड़ी केंद्र संचालित न किए जाएं तथा आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। साथ ही विद्यालय परिसरों को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वित टीम के रूप में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, संस्थागत प्रसव, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निगरानी, नवजात शिशुओं की देखभाल तथा टीकाकरण जैसी सेवाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। मानसून के दृष्टिगत लोक निर्माण, नगरीय निकाय, पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों को पुल-पुलियों, सड़कों एवं जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नगरीय क्षेत्रों में नालियों की नियमित साफ-सफाई, जलभराव की रोकथाम तथा बाढ़ संभावित क्षेत्रों में आवश्यक एहतियाती व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन की स्थिति में सुधार लाएँ : कलेक्टर

नईदुनिया प्रतिनिधि, सतना : कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की मासिक ग्रेडिंग में अभी दो सप्ताह का समय है। सभी विभागीय अधिकारी इस अवधि में 50 दिवस से ऊपर की शिकायतों को फोकस कर निराकरण की स्थिति में सुधार लाये। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह गुरूवार को 15वीं रैंक से ऊपर रहने वाले विभागों की समीक्षा की जायेगी। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विकास परियोजनाओं और विभागों के समन्वय के मुद्दों पर भी चर्चा की। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, सुभाष मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने राजस्व विभाग की तहसीलवार शिकायतों की समीक्षा की। राजस्व की कुल 1700 शिकायतों में सबसे ज्यादा 482 रामपुर बघेलान और 268 नागौद तहसील में पाई गई। सभी तहसीले डी श्रेणी में रही।

नक्शा विहीन ग्रामों की नक्शा तैयार करने की कार्यवाही की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि शेष ग्रामों के नक्शे बनाने का कार्य अभियान स्वरूप करें। इनमें सबसे अधिक गांव नागौद और उचेहरा तहसील के शामिल है। नक्शा तैयार करने के कार्य में एसडीएम उचेहरा सुमेश द्विवेदी को नोडल अधिकारी बनाये। कलेक्टर ने कहा कि जिला विकास पुस्तिका की सभी तैयारी एक-दो दिन में पूरी कर ले। उन्होंने कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न विभागों के अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरण और पदोन्नति कार्य की जानकारी ली। सभी विभागों ने बताया कि पदोन्नति संबंधी कार्यवाही जिला स्तर से नहीं होकर मुख्यालय स्तर से की जा रही है।

साइबर अपराध की रोकथाम एवं जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित

नईदुनिया प्रतिनिधि, अनुपपुर : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के मार्गदर्शन तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय अनूपपुर में पुलिस विभाग के समन्वय से साइबर अपराध के कारणों एवं रोकथाम विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कोतवाली थाना प्रभारी श्री अरविंद जैन ने साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, पहचान की चोरी, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग तथा अश्लील सामग्री के प्रसार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध से बचाव के लिए सदैव सतर्क रहना, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देना आवश्यक है।

उन्होंने साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने एवं साइबर क्राइम के आधिकारिक पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने साइबर अपराध से संबंधित नि:शुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर से संपर्क करने तथा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 का उपयोग करने की जानकारी दी। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष श्री संतोष सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए उपस्थितजनों को साइबर ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

सीईओ जिला पंचायत ने की सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों की समीक्षा

100 दिन से अधिक लंबित शिकायतों के प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश

नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोल : सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति द्वारा कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के पत्रों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

जिन विभागों में 100 दिन से ऊपर की शिकायतें लंबित हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी इन शिकायतों की मानीटरिंग स्वयं करें। शिकायतों के निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो विभाग सी या डी श्रेणी में हैं वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाएं तथा ए श्रेणी में आने के लिए कार्य करें। लगातार सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के भी उन्होंने निर्देश दिए।

जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वहां शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, एसडीएम सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग, श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, एस डी एम श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की

नईदुनिया प्रतिनिधि, उमरिया : कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समयसीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री निवास, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनों, जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार संबंधी पत्रों तथा फैक्ट न्यूज मामलों की विभागवार समीक्षा की। उन्होने विभागीय अधिकारियों से कहा कि इसी सप्ताह अधिकारी 100 दिन से अधिक की शिकायतों का निराकृत कर शून्य की स्थिति में लाएं साथ ही माह के प्रारंभ से ही सभी अधिकारी ए ग्रेड में आने का प्रयास करें ।

उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि स्कूलों मे बच्चों को प्रवेश से संबंधित आ रही शिकायतों का निराकरण जिला शिक्षा कार्यालय में हेल्प डेस्क बनाकर किया जाए ताकि बच्चे उन्हें अध्यापन के कार्य में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़े। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने कहा कि ग्राम में स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक शाला के समीप कॉलरी आ चुकी है जिससे ब्लास्टिंग के दौरान भवन में कम्पन होता है जिससे भवन क्षतिग्रस्त होने से बच्चों के जान को खतरा के दृष्टिगत बच्चों को अध्ययन हेतु घुलघुली से लगभग 1-2 कि.मी. दूर कक्षा 6 वीं से 8 तक के बच्चों को शासकीय प्राथमिक शाला नरवार-29 में तथा कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों को घुलघुली से लगभग 6-7 कि.मी. दूर शा0 उ मा वि विद्यालय जरहा में शिफ्ट करने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि बच्चों के आवागमन के लिए एसईसीएल के माध्यम से शीघ्र बसों की व्यवस्था कराई जाए, ताकि उन्हें अध्यापन के कार्य में किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नही करना पडे। उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा कि फिश पार्लर का कार्य 15 अगस्त तक पूरा करा लिया जाए। उन्होने किसानों को समय पर खाद बीज समय पर उपलब्ध करानें के निर्देश कृषि विभाग को दिए। बैठक से अनुपस्थित रहने पर उप प्रबंधक जल जीवन मिशन राहुल मिश्रा को शो काज नोटिस जारी करनें के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा , डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, प्रत्युष श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए 11 जुलाई को विशेष जांच शिविर

अनुपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अल्का तिवारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), एससीईएल 'धड़कन' योजना, सत्य साई हॉस्पिटल रायपुर एवं लायंस क्लब अनूपपुर के संयुक्त तत्वावधान में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन 11 जुलाई 2026 (शनिवार) को जिला अस्पताल अनूपपुर की नई बिल्डिंग के कक्ष क्रमांक-09 में किया जाएगा। शिविर प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। यह शिविर 0 से 18 वर्ष तक के ऐसे बच्चों के लिए है, जो जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित हैं और अब तक उपचार से वंचित हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच के उपरांत चयनित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना एवं एससीईएल 'धड़कन' योजना के तहत नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में

गुणवत्तायुक्त फलदार पौधों के रोपण पर दें विशेष ध्यान : पंचोली

नईदुनिया प्रतिनिधि, अनुपपुर : कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समय-सीमा पत्रों एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक संचालित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को अपने-अपने कार्यालय परिसरों में गुणवत्तायुक्त एवं फलदार पौधों का रोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पौधों की खरीदी अधिकृत नर्सरियों से की जाए तथा पौधरोपण के उपरांत उनकी सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाए जाएं। उन्होंने वृक्षारोपण के बाद फोटो अपलोड कर प्रतिदिन रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कक्षा 1 से 8 तक के शेष बच्चों का नामांकन आगामी एक सप्ताह के भीतर अभियान मोड में शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में अब तक 94.3 प्रतिशत बच्चों का नामांकन किया जा चुका है। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों से बच्चों के विद्यालयों में प्रवेश को प्राथमिकता बताते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के समन्वय से विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तक एवं साइकिल वितरण के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले में हाथियों के भ्रमण के दौरान फसल, मकान, पशुधन अथवा जनहानि से प्रभावित व्यक्तियों को क्षतिपूर्ति राशि त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि मुआवजा वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों को हाथियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने, प्रभावित क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने तथा हाथी मूवमेंट से संबंधित घटनाओं की दैनिक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्पेशल खबर पटवारी दिवस पर हल्का पटवारी अनिवार्य रूप से अपने क्षेत्र में रहें उपस्थित, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश

लक्ष्य के अनुसार वृक्षारोपण के कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं : कलेक्टर

नईदुनिया प्रतिनिधि, सिंगरौली : कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री गौरव बैनल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी तहसीलों के हल्का पटवारी पटवारी दिवस पर अनिवार्य रूप से अपने-अपने हल्कों में उपस्थित रहकर किसानों एवं आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें।

साथ ही उन्होंने ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी दो दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जो स्थानांतरण के बाद भी एनटीपीसी के आवासों में अवैध रूप से निवासरत हैं और आवास खाली नहीं किए हैं। कलेक्टर ने विभागवार वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सभी विद्यालय निर्धारित समय पर संचालित हों तथा प्रवेश से वंचित बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कमिश्नर रीवा द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन आगामी बैठक से पूर्व सुनिश्चित किया जाए।राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, बंटवारा, नक्शा तरमीम तथा विभिन्न विभागों को भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन से संबंधित किसी भी प्रकरण को लंबित न रखा जाए तथा समय पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।बैठक में अधीक्षण यंत्री विद्युत को जिले में विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए। वहीं खाद एवं बीज की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए उप संचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि किसानों को निर्धारित दर पर बिना किसी परेशानी के खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए। उप संचालक पशु चिकित्सा को कामधेनु योजना अंतर्गत स्वीकृत प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि 50 दिवस एवं 100 दिवस से लंबित शिकायतों सहित जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को वर्षा ऋतु में फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु जिला चिकित्सालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान कलेक्टर ने प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारी से बलिया नाला में प्रवाहित दूषित जल की जांच संबंधी कार्यवाही की जानकारी मांगी।

जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल जांच रिपोर्ट एवं जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।बैठक में विगत माह सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के प्रभावी निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित अधिकारियों में नगर निगम आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान, जिला परिवहन अधिकारी श्री बिक्रम सिंह राठौर, उप संचालक कृषि श्री मनोज सिंह, एसडीओ वन विभाग श्री एन.के. तिवारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्रीमती तेजस्वनी शुक्ला तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह शामिल रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी प्रकार जनहित से जुड़े प्रकरणों का प्रभावी निराकरण करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश गोमे, अपर कलेक्टर पी.एस. त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सुरेश जाधव, नंदन तिवारी, सौरभ मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल, उपायुक्त सहकारिता पी.के. मिश्रा, अधीक्षण यंत्री विद्युत अजीत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कविता त्रिपाठी, डीपीसी आर.एल. शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।